भारत सरकार

पंचायती राज मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1584**

दिनांक 12.12.2023 को उत्तरार्थ

**पंचायतों में सतत विकास लक्ष्य**

**1584. श्री अनिल फिरोजिया:**

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पंचायतों में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए की जा रही कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(ख) 'मेरी पंचायत' मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले दिशा-निर्देशों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पंचायती राज राज्य मंत्री**
**(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)**

(क) मंत्रालय दिनांक 01.04.2022 से 31.03.2026 तक केंद्र प्रायोजित संशोधित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) योजना को लागू कर रहा है, जो गैर-भाग-IX क्षेत्रों, जहां पंचायत मौजूद नहीं है, के ग्रामीण स्थानीय सरकार के संस्थानों सहित देश के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों तक विस्तारित हैं । संशोधित योजना का फोकस सभी स्तरों पर 'संपूर्ण सरकार' दृष्टिकोण के साथ केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य के लाइन विभागों के संगठित और सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से 9 विषयगत दृष्टिकोण अपनाते हुए जमीनी स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजी) के स्थानीयकरण पर विशेष ध्यान देते हुए स्थानीय स्व-शासन और आर्थिक विकास के सक्रिय केंद्रों के रूप में पंचायती राज संस्थाओं की पुन: कल्पना करने पर है। 9 विषयों में गरीबी मुक्त, स्वस्थ, बाल-हितैषी, पर्याप्त जल, स्वच्छ और हरित,

आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सामाजिक रूप से संरक्षित, सुशासन और महिला हितैषी गांव शामिल हैं। ये विषय आपस में जुड़े हुए, एक-दूसरे से अंतर संबंधित और सभी एसडीजी से संबंधित हैं। एलएसडीजी का एक विषयगत दृष्टिकोण अपनाया गया है क्योंकि ये पंचायतों और समुदाय से आसानी से जुड़े होते हैं जो समग्र विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में एसडीजी प्राप्त करने हेतु पंचायतों को विजन प्रदान करने में मदद करते हैं।

मंत्रालय ने पीआरआई के माध्यम से एसडीजी के स्थानीयकरण के लिए सहयोगात्मक प्रयास को मजबूत करने के लिए नोडल मंत्रालयों के साथ अंतर-मंत्रालयी परामर्श, राज्यों के साथ क्षेत्रीय कार्यशालाएं और संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के साथ परामर्श बैठक सहित कई पहल की हैं। मंत्रालय जमीनी स्तर पर एलएसडीजी को आगे बढ़ाने के लिए राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ निरंतर काम कर रहा है।

(ख) मेरी पंचायत ऐप एक मोबाइल गवर्नेंस (एम-गवर्नेंस) ऐप है, जिसे एनआईसी, पंचायती राज मंत्रालय द्वारा मंत्रालय के विभिन्न पोर्टलों से एकत्र की गई ग्राम पंचायतों के कामकाज से संबंधित जानकारी को जनता तक आसानी से पहुंचाने के लिए तैयार किया गया है। एप्लिकेशन जनसांख्यिकी, निर्वाचित प्रतिनिधियों, पंचायत सचिव और अधिकारियों, ग्राम पंचायत विकास योजनाओं, प्राप्त धनराशि, पंचायत की आय और व्यय, विकास के लिए पंचायत का संकल्प, बैंक खाते और पंचायत के बैंक विवरण आदि के संबंध में जानकारी प्रदान करता है। मेरी पंचायत मोबाइल ऐप पंचायत का समग्र दृष्टिकोण प्रदान करेगा और पंचायतों के कामकाज के बारे में सभी प्रकार की जानकारियों तक आसान पहुंच की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद है। साथ ही, इसका उपयोग पंचायत निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों द्वारा उनके अपने लॉगिन आईडी के माध्यम से अपना काम करने के लिए भी किया जा सकता है।

****